# उत्तराखंड के टूर ऑपरेटरों के लिये 'मार्केटिंग सपोर्ट स्कीम' का एलान

## चर्चा में क्यों?

8 दिसंबर, 2022 को मीडिया से मिली जानकारी के अनुसार उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद ने अगले साल होने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग महोत्सव में विदेशी पर्यटकों को लाने के लिये राज्य में टूर ऑपरेटरों के लिये 'मार्केटिंग सपोर्ट स्कीम' का एलान किया है।

## प्रमुख बिंदु

- उत्तराखंड में योग के प्रति देश दुनिया को आकर्षित करने के लिये पर्यटन विभाग की ओर से हर साल ऋषिकेश में अंतरराष्ट्रीय योग महोत्सव आयोजित किया जाता है। महोत्सव में ज्यादा से ज्यादा विदेशी पर्यटक भागीदार बनें, इसकी उद्देश्य से पर्यटन विभाग ने टूर ऑपरेटरों के लिये वित्तीय प्रोत्साहन राशि देने हेतु 'मार्केटिंग सपोर्ट स्कीम' की घोषणा की गई है।
- इस स्कीम के तहत अंतर्राष्ट्रीय पर्यटकों की बुकिंग करने वाले टूर ऑपरेटरों को प्रति पर्यटक 10 हजार रुपए और अधिकतम पाँच लाख रुपए की राशि दी जाएगी। यह वित्तीय प्रोत्साहन टूर ऑपरेटरों को विदेशी पर्यटकों को योग महोत्सव में लाने के एवज में दिया जाएगा।
- योजना का लाभ इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ टूर ऑपरेटर्स, पर्यटन मंत्रालय और उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद से मान्यता प्राप्त टूर ऑपरेटर्स को मिलेगा। पर्यटकों को लाने वाले मान्यता प्राप्त टूर ऑपरेटरों को अंतर्राष्ट्रीय योग महोत्सव मार्केटिंग प्रमोशन के प्रमाण प्रस्तुत करने होंगे।
- इसके अलावा उन्हें अंतर्राष्ट्रीय योग महोत्सव में भाग लेने वाले विदेशी मेहमानों की बुकिंग व पंजीकरण का विवरण, उनके पासपोर्ट व वैध वीजा की प्रतियाँ और उनके लिये होटल बुकिंग आदि दस्तावेज़ यूटीडीबी के समक्ष प्रस्तुत करने होंगे।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/marketing-support-scheme